बी ई एम एल

NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

# बीईएमएल ने कोलकाता मेट्रो (पूर्व-पश्चिम) परियोजना के लिए अंतिम ट्रेन सेट को रवाना कर दिया

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत एक अनुसूची ए कंपनी है और भारत में मेट्रो कारों के प्रमुख निर्माता है, ने आज, बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में अपने मेट्रो कोच कारखाने से कोलकाता मेट्रो (पूर्व - पश्चिम) परियोजना के लिए निर्धारित अंतिम ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया।

डॉ. दीपक कुमार होता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बीईएमएल ने बीईएमएल और केएमआरसीएल के कंपनी निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया।



बीईएमएल ने कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से 14 ट्रेन सेटों (प्रत्येक 6 कार) के लिए लगभग 900 करोड़ रुपए मूल्यवाला अनुबंध प्राप्त किया था। ।

बीईएमएल ने स्वतंत्र रूप से डिजाइन करके, निर्माण गतिविधियों को पूरा किया और मार्च 2018 के दौरान प्रोटो टाइप ट्रेन सेट की डिलीवरी की गई, जिसे केएमआरसी मेनलाइन पर व्यापक परीक्षण के अधीन लाया गया, जिसमें आरडीएसओ और सीआरएस द्वारा वैधानिक परीक्षण भी शामिल था और सभी परीक्षणों को मंजूरी दी गई। इसके बाद, बीईएमएल द्वारा निर्मित ट्रेन सेटों को फरवरी 2020 से केएमआरसी राजस्व संचालन के लिए कार्य में लाया गया और वे संतोषजनक रूप से काम कर रहे हैं। इसके अलावा, राजस्व परिचालन में तैनाती के लिए 6 ट्रेन सेट तैयार हैं।

13 फरवरी 2020 को कोलकाता में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री बाबुल सुप्रियो की उपस्थिति में माननीय केंद्रीय रेल और वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने राजस्व सेवा का उद्घाटन किया। । मेट्रो

कार में सवारी करते हुए, माननीय मंत्री महोदय ने 'आनंद का शहर' के लिए विश्व स्तरीय मेट्रो कार को प्रारंभ करने के लिए बीईएमएल को सराहना की!



ट्रेन सेट की कुछ प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं:

- विश्व स्तरीय इंटीरियर और स्थानीय आवश्यकताओं के साथ अनुकूलित एयर कंडीशनिंग स्टेनलेस स्टील कार बॉडी सुसज्जित है।
- बीईएमएल द्वारा पहली बार 750 वी डीसी तीसरा रेल अनुप्रयोग के लिए बोगी डिजाइन करके विकसित किया गया है।
- ऊर्जा की बचत के लिए आईजीबीटी आधारित माइक्रोप्रोसेसर द्वारा 3 चरण अतुल्यकालिक ड्राइव के साथ वीवीवीएफ़ (वैरिएबल वोल्टेज वैरिएबल फ्रीक्वेंसी) नियंत्रण और पुनर्योजी ब्रेक के साथ को नियंत्रित किया गया है।
- ट्रेन सेट एटीपी/एटीओ के साथ संचालित होते हैं और हेडवे को कम करने के लिए सीबीटीसी सिग्नलिंग सिस्टम (जो दुनिया में सबसे बेहतर और नवीनतम तकनीकों में से एक है) के साथ हस्तक्षेप किया जाता है, जो ट्रेन को रोकने की तुल्यता और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करता है।
- प्रति ट्रेन सेट में 2068 व्यक्तियों की यात्री क्षमता
- ऊर्जा कुशल एलईडी प्रकाशन
- यात्रियों के लिए स्वचालित ऑडियो-विजुअल घोषणा और प्रदर्शन प्रणाली

इस अवसर पर संबोधन करते हुए डॉ. दीपक कुमार होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, “हमने केएमआरसीएल के कोलकाता मेट्रो (पूर्व - पश्चिम) परियोजना के लिए अंतिम 14 ट्रेन सेटों को सुपुर्द करके हम सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमने मेट्रो कोचों की आपूर्ति में अपनी क्षमताओं और विशेषज्ञता को साबित किया है। रोलिंग स्टॉक उद्योग में सफल “मेक इन इंडिया” पहल का एक प्रतीक है।”

कोलकाता मेट्रो को दी गई अंतिम ट्रेन की डिलीवरी ने हमारे पहले से सजाये हुए मुकुट पर एक और पंख जोड़ा है, क्योंकि यह आत्म-निर्भरता के कारण पुन: समर्पित करता है, जैसा कि राष्ट्र के गौरव में योगदान देने वाले माननीय प्रधान मंत्री द्वारा हाल ही में घोषित आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में है। ।

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा एक रिलीज़

स्थान : बेंगलूरु

तारीख : 17.06.2020

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें :
एस. रमानंद
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
ई-मेल : bemlpr@gmail.com
दूरभाष : 080-22224457 | मोबाइल : +91 97 413 51582